

## सदस्यता अभियान एवं गुरुवंदना कार्यक्रम



**पानसेमल।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला बड़वानी के जिलाध्यक्ष अनिल जोशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा पानसेमल, पाटी तथा निवाली विकासखंड इकाई व तहसील इकाई के पदाधिकारी से सदस्यता अभियान, गुरु वंदना कार्यक्रम के बारे में जानकारी लेकर चर्चा की। इस अवसर पर निवाली तहसील अध्यक्ष महेंद्र गोयल, विकासखंड अध्यक्ष शीतल शर्मा, ओम प्रकाश राठौड़, संजय गुप्ता, सुभाष भालसे, दीनदयाल मेवाड़ा, भीमराज पवार पानसेमल के अश्विनी मिश्रा, रवि जमरे, संतोष शुक्ला, नरेंद्र निकुम, दगडू सटोटे, पाटी विकासखंड के हेमेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र भावसार, जगदीश चौहान उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब बड़वानी ने कराया नेत्रदान

**बड़वानी।** धार जिले के ग्राम सिरसी में सातन पाटीदार का निधन होने पर डॉ संजय पाटीदार ने परिजन को नेत्रदान के लिए तैयार किया। जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन एवं डॉ चक्रेश पहाडिया को सूचना दी। जिस वे सिरसी पहुंचे, जहां नेत्रदान सम्पन्न कराया और कॉर्निया निकालकर म के इंटरनेशनल आईबैंक इंदौर पहुंचाया। रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने परिजनों से नेत्रदान का सहमति पत्र भराया।

# स्कूली विद्यार्थियों ने किया थाने का भ्रमण

### पुलिस से सीखा कानून का पाठ, सायबर जागरूकता से हुए रूबरू

**बड़वानी, (नवभारत)।** पुलिस द्वारा बच्चों को सशक्त और जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की गई है। जिसके अन्तर्गत शनिवार को नर्मदा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के 67 विद्यार्थियों को पुलिस द्वारा शहर थाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित सायबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत हुआ। एसपी जगदीश डावर के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को थाना परिसर का अवलोकन कराया।



**दी विस्तृत जानकारी**

- विद्यार्थियों ने पुलिस से उत्साहपूर्वक किया संवाद।
- विद्यार्थियों को कई विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, उनि ललिता चौहान व पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को कई विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पुलिस अधिकारियों से संवाद किया और कानून व्यवस्था को नजदीक से समझा। पुलिस ने बताया कि पुलिस से डरने की बजाय मित्रवत व्यवहार करें और किसी भी आपातकालीन स्थिति में बिना संकोच सहायता प्राप्त करें। विद्यालय संचालक श्रीराम यादव ने इस ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक आयोजन के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में उनि राजीवसिंह ओशाल, उनि रविन कन्नौज, प्रआर 116 अजमेर सिंह रावत, प्रआर संजय, मआर किरण, मआर कलावती, मआर सुशीला, आर विकास, आर गणपतसिंह, आर सुनील, आर बल्लू सहित थाने के स्टॉफ का योगदान रहा।

पुलिस ने इस दौरान सायबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारियां ओटीपी, पासवर्ड, बैंक डिटेल्स किसी के साथ साझा न करें, अनजान कॉल, लिंक और मैसेज से सतर्क रहे। सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करें। फर्जी ऑफसर, जॉब, लोन, बीमा आदि के झांसे में न आए। सायबर ठगी होने पर तुरंत हैल्पलाईन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। वहीं इस दौरान पुलिस द्वारा स्कूली विद्यार्थियों अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से भी अवगत कराया गया।

# सर्पमित्र ने रसल वाइपर सांप का किया रेस्क्यू



**पानसेमल, (नवभारत)।** वन परिक्षेत्र के मतराला में सर्पमित्र सचिन नगराले ने सहयोगी चंद्रपाल के साथ एक रसल वाइपर स्नेक के रेस्क्यू किया। ग्राम के निवासी दिनेश चौहान की सूचना पर वे पहुंचे थे। सचिन नगराले ने बताया कि रसल वाइपर स्नेक के काटने के कुछ समय बाद असर करता है और यदि समय पर सही उपचार नहीं किया गया, तो धीरे-धीरे काटे हुए स्थान को सुन्न भी कर सकता है या फिर उस स्थान पर भविष्य में पैरालाइसिस या गंभीर घाव भी हो सकता है।

अभी तक वे 500 के आसपास सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं। रेस्क्यू करने के बाद वे वन विभाग पहुंचे, जहां रेंजर मनोज वास्कले, डिप्टी रेंजर राजू पाटील और वनकर्मियों ने रेस्क्यू किए सांप की जानकारी लेकर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा। रेंजर मनोज वास्कले ने बताया कि वर्षा काल के दौरान सांपों का निकलना आम बात होती है, सभी को आवश्यक एहतियात बरतना जरूरी है। साथ ही घनी झाड़ियों में जाने से भी बचना चाहिए।

# पदभार ग्रहण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**बड़वानी, (नवभारत)।** रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी का नए सत्र 2025-26 का पदभार ग्रहण कार्यक्रम सादे समारोह में होटल कृष्णा भोग में सम्पन्न हुआ। रोटेरियन डॉ अर्पित लाड़ ने नव नियुक्त अध्यक्ष मनीष जैन, मानद सचिव दर्शन सिंह और मुख्य अतिथि सचिन पंडित को मंचासिन किया। निवर्तमान अध्यक्ष अलि असगर रिज़वी ने मनीष जैन को अध्यक्षीय पिन एवं राजेश जैन ने दर्शन सिंह को सचिव की पिन लगाकर स्वागत सम्मान किया। अलि बिरला ने माल्यार्पण कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। सचिन पंडित को विनय काबरा ने पिन लगाकर स्वागत किया।




अध्यक्ष मनीष जैन ने सदस्यों को नए सत्र में अच्छे प्रोजेक्ट करने का आव्हान किया और सहयोग करने की अपील की। साथ ही नए सदस्यों को रोटरी पिन लगाकर स्वागत कर कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर सदस्यों को एक-एक पौधा भेंट स्वरूप दिया और क्लब की पिन भी दी गई। साथ ही क्लब में और डिस्ट्रिक्ट ने पहली बार रोटरी मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा, पूर्व मंडलाध्यक्ष गजेन्द्र नारंग, आगामी मंडलाध्यक्ष निर्वाचित मुकेश साहू, सहायक मंडलाध्यक्ष मनीष छाबड़ा, डिस्ट्रिक्ट अवार्ड चेयरमैन अरुण वर्मा ने वर्चुअल उपस्थिति से बधाईयां दी। निलेश जैन ने गत वर्ष के प्रोजेक्ट के लिए क्लब को मिले पुरस्कारों के बारे में बताया व अलि असगर निज़वी को मोमेंटो व प्रमाण-पत्र दिए। इस दौरान बुरहानी रिज़वी, अभिषेक उपाध्याय, अंकुर जैन, सौरभ जैन, सपना जैन, अर्पिता लाड़, सोनल उपाध्याय, शालिनी पटौदी, अंकिता काबरा, फातेमा रिज़वी, सपना जैन, आमेना बिरला व बच्चे मौजूद थे।

**एक नजर में** — भीम आमदा के माध्यमिक विद्यालय में सुविधाघर, मेन गेट, कीचन और अन्य कई अव्यवस्थाएं

# अव्यवस्थाओं को लेकर पालकों ने उठाई सुधार की मांग



**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल 13 जुलाई.** शिक्षा का नवीन सत्र शुरू होने के साथ ही विद्यालयों में अध्यापन कार्य शुरू हो गया है। जिसके बाद अलग-अलग विद्यालयों में आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर पालकों ने सुधार की मांग की है। जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने विद्यालयों में कहीं पर वर्षाकाल के दौरान भवन की छत से पानी टपक रहा है, तो कहीं पेयजल, रंगाई पुताई, सुविधाघरों या कीचन की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की जा रही है।

ग्राम भील आमदा में भी व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने सुधार की बात कही है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश करने वाला मेन गेट नहीं है, जिससे छुट्टी के समय पालतु पशु परिसर में विचरण करते हैं। छोटे बच्चों को भय बना रहता है। विद्यालय में 2 से 3 वर्षों से रंगाई पुताई भी नहीं हो पाई, बाहर की तरफ काई जम चुकी है।

### होना चाहिए सुधार

झंडा फहराने वाला स्थान जीर्ण-शीर्ण नजर आया। कीचन शेड लंबे समय से जर्जर हालत में व सुविधाघर भी व्यवस्थित नहीं है। जिसमें आवश्यक सुधार होना चाहिए।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर 17 को

**बड़वानी।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी और जिला चिकित्सालय द्वारा 17 जुलाई को जिला अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद और कांचबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। डॉ विमलेश चोयल ने बताया कि चयनित मरीजों का ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में ही होगा। डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मरीज आधार कार्ड लेकर आए और मरीज के साथ एक व्यक्ति का आना भी जरूरी है। मरीज के साथ परिजन नहीं होने पर लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जाएगा। क्लब पदाधिकारियों ने लोगों से शिविर का लाभ उठाना की अपील की है।


**एक नजर में**

## केंद्रीय जेल में सावन महोत्सव का शुभारंभ



इंदौर. गुरु पूर्णिमा और श्रावण मास के शुभ अवसर पर केंद्रीय जेल में सावन महोत्सव का भव्य आगाज हुआ. यह ऐतिहासिक आयोजन जेल विभाग के महानिदेशक गोविंद प्रताप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अगुवाई जेल अधीक्षक अलका सोनकर द्वारा की गई, जिनके अभिनव प्रयास से यह आयोजन पहली बार इस रूप में संभव हो सका. कार्यक्रम में सर्किल के अंतर्गत आने वाले सभी जेलों के अधिकारियों ने न केवल सर्किल मीटिंग में भाग लिया, बल्कि सांस्कृतिक आयोजन में भी सक्रिय भागीदारी निभाई. बंदिनियों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण नृत्य-नाटिका दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही. इसकी प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया. इस रंगारंग आयोजन में अधीक्षक अलका सोनकर ने भी अपनी गायन प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. वहीं बाल कलाकार आदित्य लड़िया द्वारा प्रस्तुत भजन ने भक्तिभाव को और गहरा कर दिया. इस मौके पर सर्किल जेल इंदौर के वरिष्ठ अधिकारीगण जवाहर मंडलोई जिला जेल अधीक्षक, इंदर सिंह नागर उप अधीक्षक, संतोष लड़या, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी, राकेश मोहन उपाध्याय, भूपेंद्र रघुवंशी और सभी सहायक अधीक्षक भी उपस्थित रहे सभी की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की.

## गुमशुदा मासूम को एक घंटे में लौटाया मां की गोद में




इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात एक 7 वर्षीय बच्ची के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और महज एक घंटे के भीतर बच्ची को ढूंढकर उसके परिजनों को सकुशल सौंप दिया. नोबल पब्लिक स्कूल के पास एक बच्ची अकेली घूमती हुई नजर आई. सामाजिक कार्यकर्ता व निर्मल रोकड़े और राजा पठान की नजर उस पर पड़ी. जब उन्होंने उससे पूछताछ की तो बच्ची ने अपना नाम अक्सा उम्र 7 वर्ष बताया और मां का नाम अयसा बताया. बातचीत में उसने बताया कि वे मूल रूप से खंडवा निवासी हैं और कल रात इंदौर के खजराना गांव स्थित एक मस्जिद के पास अपनी मौसी के घर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे. घर से दुकान पर सामान लेने निकली थी, लेकिन रास्ता भटककर नोबल पब्लिक स्कूल तक पहुंच गई. तुरंत इसकी जानकारी खजराना थाने की बीट पर तैनात आरक्षक अरविंद सिंह और आरक्षक अंकित नागर को दी गई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के निर्देशन में एक टीम गठित की गई, जिसने तत्काल बच्ची के माता-पिता की तलाश शुरू कर दी. पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सतर्क किया. कुछ ही समय में टीम को सफलता मिल गई और बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया. बच्ची को पाकर परिजन भावुक हो उठे और पुलिस का आभार जताया.

## मैजिक वाहन और मोडिफाइड बुलेट जब्त

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्रामीण पुलिस ने प्रदूषण फैलाने वाले एक मैजिक वाहन और तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल को जप्त की है. पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी ललित सिकरवार के मार्गदर्शन में उक्त कार्रवाई की गई. श्रमीत वासल ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक मैजिक वाहन अत्यधिक धुआं छोड़ते हुए सड़कों पर दौड़ता नजर आया,

# मध्यप्रदेश पुलिस में ई-एचआरएम की शुरुआत

- इंदौर से पहली डिजिटल सर्विस बुक अपलोड
- महिला आरक्षक पूजा राठौर की सेवा पुस्तिका बनकर बनी मिसाल
- अब ट्रांसफर से प्रमोशन तक सब कुछ ऑनलाइन




**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** मध्यप्रदेश पुलिस अब पूरी तरह से डिजिटल व्यवस्था की ओर अग्रसर हो रही है. विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और आधुनिकता लाने के लिए ई-एचआरएम इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत कर दी गई है. इस अत्याधुनिक प्रणाली का शुभारंभ इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा किया, जिसमें महिला आरक्षक पूजा राठौर की सेवा पुस्तिका सबसे पहले डिजिटल अपलोड की गई. यह प्रदेश की पहली डिजिटल सर्विस बुक बनी है.

ई-एचआरएम पोर्टल के जरिए पुलिसकर्मियों के सेवा रिकॉर्ड, प्रशिक्षण, अवकाश, पदोन्नति, स्थानांतरण सहित अन्य सभी विवरण अब डिजिटल रूप में सहेजे जा सकेंगे. यह पूरी व्यवस्था मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर लागू की जा रही है. इंदौर में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की. इस टीम ने गृह मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार विनीत तिवारी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती सीमा अलावा के निर्देशन में कार्य शुरू किया. इंदौर पुलिस की यह पहल अन्य जिलों के लिए मॉडल के रूप में कार्य करेगी, जिससे प्रदेश में ई-गवर्नेंस को और गति मिलेगी. आने वाले दिनों में अन्य जिलों में भी यह प्रणाली लागू की जाएगी.

चित्र डिजिटल के नाम से...

### क्या होंगे ई-एचआरएम के लाभ?-

सेवा पुस्तिकाओं का डिजिटलीकरण अब कागजों की फाइलों का बोझ खत्म होगा, कर्मचारी रिकॉर्ड की रीयल टाइम ट्रैकिंग. ट्रांसफर, प्रमोशन और अवकाश संबंधित सूचनाएं एक क्लिक पर. पारदर्शिता और जवाबदेही में इज़ाफा. प्रबंधन और योजना निर्माण में सुविधा. ई-एचआरएम पोर्टल से पुलिस विभाग के आंतरिक कार्यों में स्पीड और सटीकता आएगी, जिससे न सिर्फ पुलिसकर्मी बल्कि प्रशासनिक अधिकारी भी निर्णय लेने में तेजी से सक्षम होंगे.

# प्रतापगढ़ से मादक पदार्थ लाकर इंदौर में करता था सप्लाई

- नारकोटिक्स विंग के हत्थे चढ़ा तस्कर
- साढ़े तीन लाख की 35 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा आरोपी



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग इंदौर को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने राजस्थान के प्रतापगढ़ निवासी एक तस्कर को 35 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार में कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताई जा रही है. नारकोटिक्स डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि उप पुलिस महानिरीक्षक महेश चंद्र जैन के मार्गदर्शन में नारकोटिक्स विंग इंदौर की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजस्थान के प्रतापगढ़ में रहने वाला हकीम खान इंदौर में मादक पदार्थ एमडी की खेप लेकर पहुंचा है और इसकी सप्लाई करने वाला है. सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने हकीम को धरदबोचा और उसके पास से 35 ग्राम एमडी जब्त की. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. नारकोटिक्स विंग के अधिकारी आरोपी से पूछताछ कर रही हैं कि जब्त एमडी ड्रग्स के स्त्रोत क्या हैं, ताकि इसके नेटवर्क का पता चल सके.

# बिना अनुमति ले जाई जा रही थी इमली-बबूल की लकड़ी

- वन विभाग ने पकड़ा ट्रक, दस्तावेज नहीं दिखा सका गाड़ी मालिक
- चांदनखेड़ी में आरा मशीन के पास खड़ा था वाहन

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** वन विभाग की टीम ने देपालपुर क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए इमली और बबूल की लकड़ी से भरे ट्रक को जब्त किया है. ट्रक मालिक के पास लकड़ी ले जाने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था. वाहन को चांदनखेड़ी स्थित एक आरा मशीन के पास खड़ा था.



वन विभाग को बीते दिन सूचना मिली थी कि चांदनखेड़ी क्षेत्र में एक ट्रक से अवैध रूप से लकड़ी ले जाई जा रही है. सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उड़नदस्ता मौके पर पहुंचा, जहां एमपी 09जीएफ 2668 नंबर का ट्रक खड़ा मिला. ट्रक में इमली और बबूल सहित अन्य लकड़ियां भरी थीं. टीम ने जब ट्रक मालिक इमरान खान से लकड़ी परिवहन के कागजात मांगे, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. इस पर डीएफओ प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर वाहन को जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि आरा मशीन पर लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचकर टीम ने लकड़ी से लदा ट्रक जब्त किया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

# रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ाया रुका वेतन निकलवाने वाला अधिकारी

### *35 हजार की रिश्वत लेते ब्लॉक ऑपरेटर धराया, बीएमओ पर भी केस*

**नवभारत न्यूज़**
**इंदौर. लोकायुक्त इंदौर की टीम ने बड़वानी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठिकरी में पदस्थ संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया. यह रिश्वत एक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का वेतन और परफॉर्मेंस इंसेंटिव जारी करने के बदले मांगी गई थी. मामले में खंड चिकित्सा अधिकारी को भी आरोपी बनाया है.**

शिकायतकर्ता डॉ. बलवीर सिंह वर्मा उप स्वास्थ्य केंद्र कालापानी ब्लॉक ठिकरी, जिला बड़वानी में बतौर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पदस्थ हैं. उनका आरोप है कि दिसंबर 2024 से मई 2025 तक की करीब 2.87 लाख रुपए की वेतन व पीवीआई राशि लंबित थी. यह भुगतान कराने के एवज में सीएचसी ठिकरी के बीएमओ डॉ. राजवीर तोमर और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार गुप्ता द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी. शिकायत मिलने पर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देश पर मामले का सत्यापन किया तो वह सही पाया. इसके बाद ट्रैप दल का गठन किया और 11 जुलाई को ऑपरेशन को अंजाम दिया. टीम ने आरोपी राहुल गुप्ता को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया.



**कार्रवाई** — मामला कम पेट्रोल दिए जाने का

# जांच में सही निकली पेट्रोल पंप की मशीनें



**इंदौर. पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल दिए जाने के मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए जांच की. जांच में नोजल से सही मात्रा में पेट्रोल निकला और मशीनें ठीक काम करती हुई पाई गई. कुछ भी त्रुटि न निकलना कार्रवाई पर सवालिया निशान खडे करता है.**

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले टॉवर चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल दिया गया जिसका वीडियो वायरल हुआ था. इस खबर को नवभारत ने प्राथमिकता से प्रकाशित कर मामला प्रशासन के संज्ञान में डाला था. इसके बाद तुरंत जांच के आदेश दिए गए. जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी अविनाश जैन एवं नापतौल निरीक्षक खेमराज चौधरी अपनी टीम के साथ टॉवर चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे और मशीनों की पड़ताल की. इसमें पाया गया मशीनें बिल्कुल ठीक काम कर रही है. जब पांच लीटर के फेनल जार में पेट्रोल से पूरा भरा गया रिडिंग के अनुसार पांच सौ बत्तीस रूपए का पेट्रोल निकला.

### इनका कहना है...



पेट्रोल पंपों अनियमितताओं की कई शिकायतें सुनने को मिलती है. उपभोक्तओं को भ्रष्टाचार से शासन को बचाना चाहिए. आज हम स्वच्छता सुंदरता में नंबर वन है उसी तरह हमारा शहर ईमानदारी में भी नंबर वन होना चाहिए. **- मोहम्मद फारूक मंसूरी समाजसेवी**



देशभर में पेट्रोल घोटाना बड़ा भ्रष्टाचार है. आम जनता को इस ठगी से बचाने के लिए शासन प्रशासन को ऐसी नीति बनानी चाहिए जिसकी कार्रवाई से ही पंप संचालकों में डर बना रहे और चोरियां रूके. **- शिवकांत पांडे, विधि सलाहकार, जागरूक उपभोक्ता समिति**



**कोई कमी नहीं दिखी-** विवादित नोज़ल के साथ सभी नोज़ल चेक किए गए. सभी सत्यापित किए हुए हैं, पंप से पेट्रोल बराबर सप्लाई हो रहा है. किसी प्रकार की कोई कमी नहीं दिखी है. टंकी में दो हिस्से होते हैं. हो सकता है आधा पेट्रोल दूसरी तरफ हो. **- खेमराज चौधरी, निरीक्षक नापतौल विभाग**